an>

Title: Need to accord approval to the proposed National Highway No. 58 E from Udaipur-Som-Deya via Jhadol to border areas of Gujarat.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) ः मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर महाराणा प्रताप एवं राणापूजा की पुण्य कर्मस्थली है। उदयपुर शहर लगभग 5 लाख की आबादी वाला शहर है। यह शहर राजस्थान के कश्मीर के नाम से भी मशहूर है और इसे झीलों की नगरी भी कहा जाता है। विश्व पर्यटन मानचित्र पर उदयपुर एक विशेष स्थान रखता है। यहां प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक सड़क मार्ग, वायु मार्ग एवं रेल मार्ग द्वारा भ्रमण हेतु आते हैं।

राजस्थान से एक राज्य से दूसरे राज्य में आने-जाने के लिए प्रमुख मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 है जो दिल्ली , हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों से भी गुजरता है। यह मार्ग मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर से गुजरात सीमा रतनपुर-डूंगरपुर बॉर्डर से भी गुजरता है। इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव भारी संख्या में रहता है जिसकी वजह से यात्रा में समय अधिक लगता है। दुर्घटनाएँ और जन हानि अधिक होती है। उदयपुर-साम-देया वाया झाड़ोल (फलासिया) से गुजरात सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 ई का डी.पी.आर. भारत सरकार के पास मंजूरी के लिए प्रस्तावित है और पूर्व सरकार ने इसे मंजूर भी कर लिया तथा यह मार्ग बनाने की घोषणा भी कर दी जो लगभग 108 कि.मी. है। अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उदयपुर-सोम-देया वाया झाड़ोल (फलासिया) से गुजरात सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 ई लगभग 108 कि.मी. बनाने के लिए अतिशीघ्र बजट आवंटित कर इस मार्ग का कार्य शुरू कराने की कृपा करें , जिससे आम जनता, पर्यटकों व व्यवसायियों को इसका लाभ मिल सके।